# आलिया–रणबीर की शादी के बीच ऋषि–नीतू की वेडिंग फोटोज छाईं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी हो गई है। अब सोशल मीडिया पर शादी के जश्न की तस्वीरें और वीडियो सामने आ रही हैं। इस वेडिंग सेरेमनी में बहुत कुछ खास था। अपने बीमार नाना को व्हीलचेयर पर देख आलिया शादी की रस्मों की बीच इमोशनल हो गईं तो रणबीर को भी दिवंगत पिता ऋषि कपूर की याद सताई। नीतू कपूर ने सोशल मीडिया पर ये भी लिखा कि कपूर साहब! आपका सपना पूरा हुआ। सिर्फ फैमिली ने ही नहीं, फैंस ने भी इस खास दिन पर ऋषि को याद किया। यही वजह है कि इस शादी में बहुत कुछ ऐसा हुआ, जो बरसों पहले ऋषि–नीतू की वेडिंग फंक्शन में हुआ था।*

**कपूर फैमिली और शैंपेन**

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने फेरे लेने के बाद जमकर जश्न मनाया। पहले दोनों ने केक काटा और फिर चीयर्स करते हुए शैंपेन का घूंट भरा। ये तस्वीर अब ऋषि और नीतू की फोटो के साथ कोलाज बनकर वायरल हो रही है। कपूर फैमिली हमेशा से शैंपेन या वाइन के ग्लास के साथ जश्न मनाती आई है। 42 साल पहले नीतू और ऋषि ने भी ठीक ऐसा ही किया था। उनकी शादी की पुरानी फोटो वायरल हो रही है। दोनों ने 22 जनवरी 1980 में शादी की थी।

**बैसाखी से जुड़ा खास नाता**

इससे पहले 13 तारीख को बैसाखी के मौके पर ऋषि और नीतू ने



सगाई की थी। नीतू ने इंस्टाग्राम पर 43 साल पहले की फोटो भी शेयर की। 13 अप्रैल 1979 को ही दोनों की इंगेजमेंट हुई थी। ठीक इसी दिन आलिया और रणबीर ने भी अपने रिश्ते पर रीति–रिवाजों की मुहर लगाते हुए रस्मों की शुरुआत की।

**सास-बहू ने चुनी साड़ी**

आलिया भट्ट ने रेड कलर के ब्राइडल लहंगे को डिच करते हुए सफेद रंग को चुना। वो सब्यसाची के आइवरी कलर की साड़ी में नजर आईं, जिस पर गोल्डन वर्क किया गया। उन्होंने सिंपल लुक को चुना और यही सादगी फैंस को पसंद आ रही है। नीतू कपूर ने भी रिसेप्शन में ऐसी ही मिलती–जुलती साड़ी पहनी थी। उनकी ब्लैक एंड व्हाइट फोटो वायरल हो रही है।

**कम उम्र में हुआ प्यार**

आलिया भट्ट को बहुत सालों पहले से ही रणबीर कपूर पर क्रश था। वो खुले आम अपने प्यार का इजहार भी करती थीं। उनकी ये अदा रणबीर को बहुत पसंद आई थी और 5 साल तक डेट करने के बाद दोनों हमेशा के लिए एक–दूजे के हो गए। आपको बता दें कि नीतू भी जब सिर्फ 14 साल की थीं, तभी उन्हें ऋषि से प्यार हो गया था। इसके बाद धीरे–धीरे दोनों प्यार में पड़ गए और कई सालों तक डेट करने के बाद फाइनली शादी कर ली थी।

**ऋषि की पूरी हुई तमन्ना**

ऋषि कपूर ने साल 2020 में 30 अप्रैल को आखिरी सांस ली थी। वो कैंसर से जंग लड़ रहे थे। डायरेक्टर सुभाष घई ने हाल ही में खुलासा किया था कि वो उसी साल बेटे रणबीर की ग्रैंड शादी की प्लानिंग कर रहे थे। वो दिसंबर में बेटे की शादी करना चाहते थे, लेकिन इससे पहले ही वो दुनिया से रुखसत हो गए।



## शादी की रात आलिया–करण जौहर ने किया राधा तेरी चुनरी गाने पर डांस

ऐक्टर आलिया भट्ट और रणबीर कपूर 14 अप्रैल को शादी के बंधन में बंध गए। कपूर फैमिली, भट्ट फैमिली, अंबानी परिवार और कुछ करीबी ही इस शादी में शामिल हुए। इन करीबियों में करण जौहर, अयान मुखर्जी, अकांक्षा रंजन और कई हस्तियां शामिल रहे। आलिया और करण जौहर का बॉन्ड कितना स्ट्रॉन्ग है। आलिया और रणबीर कपूर की शादी से एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें करण जौहर और आलिया भट्ट श्राधा तेरी चुनरीश गाने पर धमाकेदार डांस करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आलिया करण जौहर के डांस वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। इस डांस वीडियो में आलिया भट्ट लाल सूट में सजी धजी खूबसूरत नजर आ रही हैं। वह अपने फेवरेट निर्देशक करण जौहर के साथ स्टूडेंट ऑफ द ईयर के गाने राधा पर डांस कर रहे हैं। बता दें आलिया भट्ट ने करण जौहर की इस फिल्म से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। करण जौहर और आलिया भट्ट लगातार अपने खास बॉन्ड को लेकर चर्चा में रहते हैं। दोनों कई बार नेपोटिज्म के चलते ट्रोल भी हो चुके हैं।

## रणबीर को सहरा बांधे देख मां नीतू कपूर के दिल में उठा सागर सा तूफान

भट्ट फैमिली की लाडली आलिया भट्ट और कपूर खानदान के चिराग रणबीर कपूर 14 अप्रैल को शादी के बंधन में बंध गए। कपूर फैमिली में चारों तरफ खुशियों का माहौल था लेकिन ऋषि कपूर के न होने का गम भी साथ–साथ तैर रहा था। ऋषि कपूर की हमेशा से ही इकलौते बेटे की शादी को लेकर तमाम ख्वाहिशें थीं। वह बेटे की शादी के लिए कई सपने संजोए बैठे थे लेकिन अप्रैल 2020 में ऋषि कपूर के साथ उनकी ये ख्वाहिशे भी दफन हो गईं। लेकिन पत्नी नीतू कपूर ने हमेशा से ही पति के सपने को पूरा करने की ठान रखी थी। गुरुवार को जब बेटे की शादी हुई तो नीतू कपूर ने सबसे पहले कपूर साहब को ही याद किया कि आज उनका सपना पूरा हो गया है। अब सोशल मीडिया पर नीतू कपूर ने पति ऋषि कपूर को याद करते हुए बेटे सहेरे में रणबीर कपूर की तस्वीर शेयर की। नीतू कपूर ने बेटे रणबीर कपूर के साथ तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, ये कपूर साहब आपको डेडिकेट है। आज आपकी ये इच्छा पूरी हो गई है। नीतू कपूर के इस पोस्ट पर संजय कपूर, सिकंदर खेर, मनीष पॉल से लेकर कई हस्तियों ने रिएक्ट किया। वहीं फैंस भी ऋषि कपूर को याद कर इमोशनल हो गए। बता दें 67 साल की उम्र में ऋषि कपूर को ल्यूकेमिया हो गया। इस बीमारी से लंबे वक्त तक वह बीमार रहे। नीतू कपूर और रणबीर कपूर विदेश में भी ऋषि कपूर का इलाज करवाने गए थे। लेकिन काफी वक्त इससे जूझने के बाद उनका 30 अप्रैल 2022 को निधन हो गया।

## बेटी को विदा कर सोनी राजदान हुई भावुक, कहा– रणबीर दामाद नहीं, बेटा है



एक मां के लिए उसकी बेटी की विदाई का पल सबसे भावुक पल होता है। जिस बेटी को पैदा करने के बाद मां उसे अपने प्यार से सींचती है, हर मुश्किल में ढाल बनकर खड़ी होती है, वही बेटी सदियों से चली आ रही रीत को मानते हुए एक दिन अपने पिया के घर चली जाती है। बेटी को विदा करने के बाद दिल पर क्या बीतती है यह कोई एक मां से पूछे। 14 अप्रैल को जब आलिया भट्ट की शादी हुई और सोनी राजदान को अपनी लाडो की विदाई करनी पड़ी तो आंखें छलक उठीं। सोनी राजदान इस बात से खुश थीं कि उनकी प्यारी बेटी आलिया को उसके सपनों का राजकुमार मिल गया है। वो इंसान मिल गया है, जिसके उसने बचपन से ही ख्वाब देखे थे। लेकिन तब दिल और आंखें भर आईं जब विदाई का वक्त आया। भले ही सोनी राजदान ने बेटी को विदा करके ससुराल भेज दिया, पर उन्हें इस बात की खुशी है कि दामाद रणबीर कपूर के रूप में एक बेटा मिल गया है।

# तैमूर ने खराब कर दी मां करीना कपूर की फैमिली फोटो

*बॉलिवुड की मोस्ट अवेटेड रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी फाइनली हो गई है। दोनों ने 14 अप्रैल 2022 को नए सफर की शुरुआत कर ली है। रणबीर के घर वास्तु अपार्टमेंट में शादी की सभी रस्में की गईं, जिसके बाद से आलिया, कपूर खानदान की लाइफ का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। इस खुशी के पल में कपूर फैमिली का हर मेंबर शामिल हुआ।*



करीना कपूर खान भी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंची, जिसके वीडियो और फोटो उन्होंने अपने इंस्टा हैंडल पर शेयर किए। किसी में वह अपने जेह के साथ पोज देती नजर आ रही हैं तो कभी करण जौहर के साथ। अब उन्होंने एक और तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह अपने छोटे–परिवार, सुखी परिवार के साथ दिखाई दे रही हैं।

हालांकि ये फैमिली फोटो परफेक्ट नहीं है, क्योंकि इसमें जेह, तैमूर, सैफ और करीना चारों दिशाओं में देख रहे हैं। किसी की आंखें कैमरे की तरफ तो है ही नहीं। अब इसी फोटो को शेयर करते हुए करीना ने एक मजेदार कैप्शन लिखा है। वह लिखती हैं, फैमिली फोटो लेने की कोशिश में ऐसा होता है, सैफू फोटो के लिए जरा स्माइल करो, टिम अपनी नाक से उंगली निकालो यार, जेह बाबा इधर देखो और मैंरू अरे कोई फोटो लो यार... इतने में फोटो क्लिक हो गई और मुझे ऐसे बढ़िया लोग मिले हैं। आदमी ही मेरी लाइफ हैं, मेरी दुनिया हैं। भाई की शादी।

**फैन्स ने किए इस पोस्ट पर मजेदार कमेंट्स**

इस फोटो के बाद लोगों ने कमेंट करना शुरू किया। कुछ की फोटो और कैप्शन पढ़कर हंसी छूट गई। तो कुछ ने अपना प्यार लुटा दिया। एक यूजर ने लिखा कि सभी फैमिली फोटो का यही सीन होता है। इमपर्फेक्शन ही परफेक्शन है यहां। एक ने लिखा, बच्चों के साथ ये हर माओं की कहानी है। दूसरे ने तो मजे लेते हुए पूछ लिया, अच्छा आपकी शादियों में भी ये कप कुर्सी के नीचे घुसाने की परंपरा है। दरअसल, जिस सोफे पर ये चारों बैठे हैं, उसके नीचे ही सफेद रंग का कप रखा हुआ है, उसी पर चुटकी लेते हुए यूजर ने कमेंट किया है। बता दें कि करीना कपूर ने आलिया–रणबीर की शादी में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की जरी एम्ब्रॉयडरी ऑर्गेंजा साड़ी पहनी थी। वहीं तैमूर, सैफ और जेह ने कुर्ता–पायजामा पहना हुआ था।